Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to fix minimum support price for milk in the country.

श्री दुष्यंत चौटाला (हिसार): महोदया, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, मैं इसके लिए आपको धन्यवाद देता हूँ।

महोदया, मैं भारत सरकार का ध्यान एक विशेष विषय की ओर दिलाना चाहता हूँ। मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंदर मुर्रा नस्ल की जो भैंस है, वह विश्व प्रसिद्ध है। आज के दिन दूध उद्योग के अंदर बहुत ही अहम योगदान मेरे लोक सभा क्षेत्र के लोगों का रहता है। आज यह हालत है कि लोग पानी को 180 रुपये लीटर तक विदेशी नाम पर बेचने का काम करते हैं, लेकिन दूसरी ओर आज दूध की जो वैल्यू है, वह 30 और 35 रुपये लीटर के बीच में रखी जाती है।

मैं भारत सरकार से आग्रह करता हूँ कि उसे किसानों को ऑल्टर्नेटिव सोर्स ऑफ इन्कम राइट रेवोल्यूशन के नॉर्म पर लाने के लिए काननू लाना चाहिए। जिस तरह से किसानों ने व्हाइट रेवोल्यूशन पर अपना योगदान दिया है, दूध के अंदर भी कम से कम 40 रुपये लीटर के हिसाब से एम.एस.पी. तय करना चाहिए। इससे आने वाले समय में किसानों को दूध उद्योग के लिए भारी मदद मिलेगी।

इसके साथ ही साथ, पानी की कीमत, जो आज 180 रुपये प्रति लीटर तक है, भारत सरकार उसे बीस रुपये प्रति लीटर से नीचे प्रतिबंधित करने का काम करे।

माननीय अध्यक्ष:

श्री भैरों प्रसाद मिश्रको श्री दुष्यंत चौटाला द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

…(व्यवधान)